श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 121, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 7 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को बताया महामानव, किया नमन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज चौराहा पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी



**लखनऊ, जेएनएन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। उत्तर प्रदेश अंबेडकर महासभा के प्रांगण में उन्होंने कहा कि संविधान की रचना का काम विरले लोग ही कर पाते हैं। हमें उनके आदर्श पर चलकर बंधुता के भाव को आगे बढ़ाना है। बाबा साहेब ने चार मानवीय मूल्यों पर आधारित भारत के संविधान की रचना की। यह चार हैं- बंधुता, समानता, न्याय और स्वतंत्रता। इन्हीं मूल्यों पर आधारित भारत का संविधान बाबा साहेब की यश एवं कीर्ति को दिग-दिगंत तक निरंतर आगे ले जाता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भेदभाव रहित समाज की स्थापना ही उनका मूल उद्देश्य रहा। छुआछूत और अस्पर्शता से मुक्त समतामूलक समाज के योगदान को कोई भी नहीं भूल सकता है। उन्हीं के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज को आगे ले जाना है। बाबा साहेब ने देश के करोड़ों लोगों, विशेषकर गरीब, पिछड़े और दलितों को मजबूती देने का प्रयास और उन्हें मुख्यधारा में आगे लाने के लिए प्रेरित करने का काम किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों स्वामी प्रसाद मौर्य, रमापति शास्त्री, ब्रजेश पाठक के साथ अंबेडकर महासभा के प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के अस्थिकलश पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर महामानव बताया।

हमें उनके आदर्श पर चलकर बंधुता के भाव को आगे बढ़ाना है। बाबा साहेब ने चार मानवीय मूल्यों पर आधारित भारत के संविधान की रचना की। बंधुता, समानता, न्याय और स्वतंत्रता। इन्हीं मूल्यों पर आधारित भारत का संविधान बाबा साहेब की यश एवं कीर्ति को दिग-दिगंत तक निरंतर आगे ले जाता रहेगा। सीएम ने कहा कि भेदभाव रहित समाज की स्थापना ही उनका मूल उद्देश्य रहा। छुआछूत और अश्पृश्यता से मुक्त समतामूलक समाज के योगदान को कोई भी नहीं भूल सकता है। उन्हीं के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज को आगे ले जाना है। देश के करोड़ों लोगों, विशेषकर गरीब, पिछड़े और दलितों को मजबूती देने का प्रयास और उन्हें मुख्यधारा में आगे लाने के लिए प्रेरित करने का काम किया।

श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस दौरान समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी पर हमला बोला। उन्होने कहा कि सपा प्रमुख और उनकी पार्टी के नेता बाबासाहेब को ड्राफ्टमैन बताते थे। दलितों के आरक्षण में घालमेल करने वाली सपा अब दलितों का हितैषी बनने का ढोंग कर रही है। वास्तव में इस घालमेल को भाजपा ने दुरुस्त करने का काम किया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बाबा साहेब के कामों को समाज को मुख्यधारा में लाने का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को दिया। लंदन में डॉ. अंबेडकर के आवास का जिक्र करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि उसे बचाने का काम भाजपा सरकार ने किया। बसपा पर व्यंग्य बाण छोड़ते हुए उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को संविधान देने वाले बाबा साहेब ही थे। पहली बार मत देने का अधिकार संविधान रचयिता ने ही दिलाया। इसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। भाजपा सरकार बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ा रही है। उनके विचारों को आगे ले जा रही है। पूर्ववर्ती सरकारों को सोचना चाहिए अब सिर्फ बयानबाजी से काम नहीं चलने वाला।

## वाराणसी में गंगा में नाव डूबी, नौ को बचाए गए और दो की तलाश जारी

रविवार शाम को जानकी घाट पर एक नाव पलटने से कई लोग डूब गए। हादसे की सूचना के बाद मौके पर लोग जुट गए। नाविक के अनुसार नाव पर सवार लोग पार्टी मना रहे थे। उनके साथ दो लड़कियां भी थी।



**वाराणसी, जेएनएन।** रविवार शाम को जानकी घाट पर एक नाव पलटने से कई लोग डूब गए। शाम के समय लोग नाव पर सवार होकर घाट घुमने निकले थे। हादसे की सूचना के बाद मौके पर लोग जुट गए। बचाव कार्य के लिए मांझी-मल्लहा खुद ही जुटे रहे। नौ लोग सवार थे। स्थानीय लोगों के अनुसार नाव पर सवार लोग सेल्फी लेने के चक्कर में असंतुलित हो गए और नाव पलट गई। नाविक के अनुसार नाव पर सवार लोग पार्टी मना रहे थे। उनके साथ दो लड़कियां भी थी। अभी नौ में से सात के मिलने की सूचना है और दो लोग गायब है। विशाल सिंह व अभिषेक मौर्य लापता हैं। दोनों लक्ष्मणपुर शिवपुर के रहने वाले हैं। गंगा उस पर से वापस आते समय घाट से 20 मीटर पहले ही नाव डूबी है।

भदैनी-तुलसीघाट के बीच हुए नाव हादसे के बाद देर रात लापता युवकों की तलाश में एनडीआरएफ व जल पुलिस के जवान लगे रहे। इस बीच लापता विशाल सिंह के पिता अनिल कुमार सिंह ने निजी गोताखोर से बात की। रात होने की वजह से उसने सोमवार की सुबह छह बजे से तलाश करने का भरोसा दिया। कहा, रात के अंधेरे में लापता युवकों की तलाश करना संभव नहीं है।

अस्सी घाट से दशाश्वमेध की ओर जा रही नाव जानकी घाट के सामने पलट गई। इससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। सूचना पर पहुंची भेलूपुर थाने की पुलिस और जल पुलिस डूबे लोगों की तलाश में लग गई। लोगों के बचाने वाले कृष्णा नाविक ने बताया कि नाव में सवार लोग बार-बार उठ कर इधर-उधर कर रहे थे। मना करने पर नहीं माने और इस बीच नाव पलट गई।

विशाल सोनकर ने बताया कि पांच साल बाद सभी दोस्त मिले थे। यूपी कालेज में साथ पढ़े थे। आज पार्टी मनाने गंगा में नाव से गये थे। इसमें दो लड़कियां थी। विशाल के साथ के दो दोस्त अभी गायब हैं। विशाल के भाई के अनुसार नाव पर सवार सभी लोग दोस्त थे। उदय प्रताप पब्लिक स्कूल में साथ ही पढ़ते थे। एक हाउस के होने के कारण दोस्ती गहरी थी। सभी ने आज मिलकर घूमने का प्लान बनाया था। विशाल सोनकर ने बताया कि हम सभी लोग 5 साल बाद मिले थे तो पार्टी मनाने के लिए नाव से गंगा उस पार गए थे। विशाल सिंह पंजाब से एमसीए कर रहा है जो लॉक डाउन में बनारस आया था। अभिषेक मौर्य बीटेक करने के बाद प्रयागराज जाने वाला था। दोनों लड़कियां बीएड कर रही हैं। आज सभी मिलने के लिए इकठ्ठा हुए थे।

एसएसपी अमित पाठक से नाविक की बात हुई। लेकिन लापता दो युवकों से संपर्क नहीं होने पर आशंका में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। कहा, पुलिस की प्राथमिकता सभी को बचाना है। नाव क्यों डूबी, सुरक्षा के इंतजाम थे या नहीं यह बाद में पड़ताल की जाएगी।

वर्षों बाद मिले 5 छात्र (विशाल सोनकर, निवासी-भोजूबीर, श्रेया, निवासी-पिशाचमोचन, सृष्टि, निवासी-सुंदरपुर, अभिषेक मौर्या, निवासी-लक्ष्मणपुर भोजूबीर, विशाल सिंह, निवासी -लक्ष्मणपुर भोजूबीर) ने रविवार शाम एक साथ गंगा उसपार घूमने का योजना बनाया। पांचों मित्र अस्सी घाट पर इकठ्ठा हो नाव से गंगा उस पर घूमने गए। वहाँ मौज मस्ती करने के बाद जब उनका नाव वाला वापिस लेने नहीं आया तो छात्रों ने अस्सी घाट आने के लिए वहाँ मौजूद एक छोटा नाव किया। नाव की क्षमता कम होने के वावजूद नाविक मनोज साहनी ने 6 अन्य लोगों को भी नाव में बैठा लिया। बचाये गए छात्र विशाल सोनकर ने बताया कि नाव जब बीच गंगा में पहुंची तो पानी भर जाने के कारण अनियंत्रित होने लगी। नाव में सवार छात्रा श्रेया और सृस्टि बचाओ बचाओ चिल्लाने लगी तबतक नाव डूब गई। विशाल ने बताया कि उसके बाद मुझे कुछ याद नहीं। मुझे किसी ने हाथ पकड़कर बाहर किया। जब होश आया तो मैं घाट के सीढ़ी पर था। दो अन्य छात्रा श्रेया और सृस्टि को भी बचा लिया गया है। दो अन्य छात्र विशाल सिंह जो पूर्व में यूपी कॉलेज का छात्र था और वर्तमान में पंजाब में रहकर पढ़ाई कर रहा था और अभिषेक मौर्य जो बीटेक का छात्र था और वर्तमान में पीसीएस की तैयारी कर रहा था जिसका अब तक कोई पता नहीं चल सका है। उसके अलावा अन्य 6 व्यक्ति का कोई पता नहीं चल सका है परन्तु नाविक मनोज साहनी का कहना है कि उन्हें भी बचा लिया गया है और वो सभी चले गए है।

## किसानों के आंदोलन में कूदा विपक्ष, भारत बंद का किया समर्थन, चक्का जाम तीन बजे तक, एंबुलेंस को रहेगी छूट

विपक्ष के कई नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर किसानों के आठ दिसंबर के भारत बंद का समर्थन किया है और केंद्र सरकार पर किसानों की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाया है। उद्धव ठाकरे किसान और मजदूर विरोधी केंद्रीय कानूनों के खिलाफ हैं।



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों के आह्वान पर मंगलवार को प्रस्तावित भारत बंद के दौरान तीन बजे तक चक्का जाम रहेगा। किसान संगठनों के मुताबिक इस दौरान दुकानें बंद रहेंगी और दूध-सब्जियों तक की सप्लाई नहीं होगी। हालांकि आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस के अलावा शादी में आने-जाने वाली गाड़ियों को नहीं रोका जाएगा। ऑल इंडिया किसान सभा के महासचिव बलदेव सिह निहालगढ़ व जगमोहन सिह की उपस्थिति में रविवार को सिंघु बॉर्डर पर आयोजित प्रेस वार्ता में संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य योगेंद्र यादव ने दावा किया कि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान की सारी मंडियां बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक भारत बंद को कई दलों का समर्थन मिला है।

कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन में विपक्षी दल भी कूद पड़े हैं। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, माकपा महासचिव सीताराम येचुरी और फारूक अब्दुल्ला समेत विपक्ष के कई नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर किसानों के आठ दिसंबर के भारत बंद का समर्थन किया है और केंद्र सरकार पर किसानों की मांगों को मानने के लिए दबाव बनाया है।

संयुक्त बयान में इन नेताओं ने कृषि कानूनों और बिजली संशोधन बिल को वापस लेने की किसानों की मांग का समर्थन किया है। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में द्रमुक नेता एमके स्टालिन, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, भाकपा महासचिव डी. राजा, भाकपा-माले के दीपांकर भट्टाचार्य भी शामिल हैं।

शिवसेना के राज्यसभा सदस्य अनिल देसाई ने कहा कि उद्धव ठाकरे किसान और मजदूर विरोधी केंद्रीय कानूनों के खिलाफ हैं। शिवसेना और उद्धव ठाकरे भारत बंद का समर्थन करते हैं। इससे पहले अकाली नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने भी उद्धव ठाकरे से दिन में मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि उद्धव ने किसानों के प्रदर्शन का समर्थन किया है। विपक्षी दलों ने सरकार पर कृषि कानूनों को मनमाने तरीके से संसद में पारित कराने का आरोप भी लगाया है। इन कानूनों को खाद्य सुरक्षा, कृषि क्षेत्र और किसानों के लिए खतरा बताया है। विपक्षी नेताओं ने कहा है कि सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए किसान-अन्नदाता की उचित मांगों को मान लेना चाहिए।

कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस सबसे ज्यादा मुखर है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए जारी अपने घोषणापत्र में कांग्रेस ने कहा था कि वह कृषि उपज मंडी समितियों के अधिनियम में संशोधन करेगी, जिससे की कृषि उपज के निर्यात और अंतरराज्यीय व्यापार में लगे सभी प्रतिबंध समाप्त हो जाएंगे। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को बदलकर आज की जरूरतों और संदर्भों के हिसाब से नया कानून बनाने की बात भी कही थी, जो विशेष आपात परिस्थितियों में ही लागू किया जा सके।

किसानों के आंदोलन के मसले पर राकांपा नेता शरद पवार नौ दिसंबर को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात करेंगे। राकांपा प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा कि पवार की राष्ट्रपति से शाम पांच बजे मुलाकात होगी। उनके साथ सीताराम येचुरी, डी राजा और द्रमुक सांसद टीआर बालू भी होंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य योगेंद्र यादव ने कहा कि हमारी मांग है कि तीनों कृषि कानून पूरी तरह से निरस्त किए जाएं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की किसानों को गारंटी मिले। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

## होमगार्ड के साथ दुर्घटना हुई तो परिजनों को पांच लाख की सहायता राशि: सीएम योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड मुख्यालय स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित 58वें उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स स्थापना दिवस में शिरकत की।



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि होमगार्ड विभाग हमेशा से ही निष्काम भाव से समाज की सेवा व देश की सुरक्षा में योगदान दिया है। कुंभ मेला हो, आपदा हो या अन्य क्षेत्र में कार्य करने के दौरान होमगार्ड स्वयंसेवको ने हमेशा अदम्य साहस का परिचय दिया है। इस सेवा और साहस का क्रम यूंही ही जारी रखें। दरअसल, होमगार्ड मुख्यालय स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित 58वें उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने कहीं। सीएम योगी ने कहा कि बिकरु कांड में घायल होमगार्ड जयराम को सरकारी मदद और चिकित्सा उपचार के लिए छह लाख की मदद दी गई है। होमगार्ड अपनी क्षमता और दक्षता के अनुसार ईमानदारी से सेवा देते रहें। होमगार्ड के साथ दुर्घटना हुई तो परिजनों को आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही पांच लाख की सहायता राशि भी दी जाएगी। राज्य सरकार कौशल विकास योजना के तहत 1200 जवान बाढ़ के लिए प्रशिक्षित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होमगार्ड स्वयंसेवकों की भूमिका हर स्तर पर सराहनीय रही है। उनकी कर्तव्यशीलता को देखते हुए होमगार्ड जवानों को आपदा प्रबंधन व मास्टर्स ट्रेनिंग से भी प्रशिक्षित किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने परेड वाहन से ग्राउंड का निरीक्षण किया। बैंड दल ने भी अपना हुनर मुख्यमंत्री के सामने दिखाया। वहीं, कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव होमगाड्र्स अनिल कुमार ने कहा कि हमने ऑटोमैटिक सॉफ्टवेयर के जरिये ड्यूटी लगाए जाने और उन्हें भुगतान करने की व्यवस्था जल्द शुरू की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद, आगरा मंडली एवं जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, फतेहपुर जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, हमीरपुर जिला होमगार्ड कार्यालय भवन, जौनपुर व फतेहगढ़ होमगार्ड कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद का नाम स्वर्गीय चेतन चौहान होमगार्ड मंडली प्रशिक्षण केंद्र रखा गया। इस मौके पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, डीजीपी हितेश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी, स्वर्गीय मंत्री चेतन चौहान की पत्नी विधायक संगीता चौहान, अपर मुख्य सचिव होमगाड्र्स अनिल कुमार, महानिदेशक होमगार्ड विजय कुमार व महापौर संयुक्ता भाटिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सीडीएस विपिन रावत ने की पूर्व सैनिकों की पेंशन कटौती की अनुशंसा, पूर्व सैनिकों ने किया विरोध प्रदर्शन



**मुरैना (अंबाह), राज्य ब्यूरो।** देश के सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) बिपिन रावत ने पूर्व सैनिकों की पेंशन कटौती की अनुशंसा की है, जिसका मध्यप्रदेश के चम्बल संभाग पूर्व सैनिक ग्रुप अम्बाह एवं इंडियन बैटरन्स ऑर्गनाइजेशन ने विरोध किया है। पूर्व सैनिक शशिभूषण शर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों ने सीडीएस बिपिन रावत की बात का विरोध किया है। पूर्व सैनिकों का कहना है कि प्रपोजल सीडीएस ने जवानों की पेंशन की कटौती की जो बात कही है उसे तुरंत ही वापस लिया जाए, नहीं तो पूर्व सैनिक इस आंदोलन को बहुत बड़ा रूप देंगे तथा दिल्ली आकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। पूर्व सैनिकों का कहना था कि जब जवान उसकी 17 वर्ष की नौकरी कर अपने घर वापस आता है, तब उसकी पेंशन ही उसके परिवार के भरण-पोषण का आधार होता है। उसकी पेंशन की ही कटौती कर दी जाएगी, तब उस जवान पर इसका बुरा असर पड़ेगा। पूर्व सैनिकों का कहना था कि आने वाली युवा पीढ़ी सेना में जाने से कतराएगी। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह परमार सहित पूर्व सैनिक दामोदर सिंह तोमर, ऋषिकेश मिश्रा, बच्चू च्सह तोमर, राजकुमार सिंह तोमर, गजेंद्र सिंह तोमर, शेरा गुर्जर, कमलेश शर्मा, मुन्ना सिंह तोमर, राजेश शर्मा, डाल सिंह, सत्वीर सिंह तोमर, नरेंद्र सिंह तोमर, परमाल सिंह परिहार विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

## 14 दिसंबर को लगेगा खंडग्रास सूर्य ग्रहण जानें इसका समय, क्या होगा प्रभाव



**ग्वालियर, जेएनएन।** 14 दिसंबर अमावस्या की रात को खंडग्रास सूर्य ग्रहण होगा। ग्रहण भारतीय समयानुसार रात में होगा इसलिए यह न तो भारत में दिखाई देगा, न ही इसका कोई प्रभाव भारत में पड़ेगा। सूतक भी नहीं लगेगा। सूर्य ग्रहण शाम 7:03 बजे से प्रारंभ होकर रात 12:23 बजे तक अर्थात लगभग पांच घंटे 20 मिनट का होगा। इसे दक्षिण अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में देखा जा सकेगा।

ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि यह इस वर्ष का अंतिम सूर्य ग्रहण है, इससे पूर्व सूर्य ग्रहण 21 जून को लगा था। अगले वर्ष 2021 में दो सूर्य ग्रहण पड़ेंगे। पहला 10 जून व दूसरा चार दिसंबर 2021 को होगा।

खगोल विज्ञानियों की मानें तो जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच से होते हुए गुजरता है, तब चंद्र सूर्य की रोशनी को आंशिक या पूर्ण रूप से अपने पीछे ढंकते हुए उसे पृथ्वी तक पहुंचने से रोक लेता है। इस दौरान रोशनी के अभाव में पृथ्वी पर अंधेरा छा जाता है। इसी घटना को सूर्य ग्रहण कहा जाता है। पृथ्वी सूरज की परिक्रमा करती है और चांद पृथ्वी की। कभी-कभी चांद, सूरज और धरती के बीच आ जाता है। यह घटना हमेशा अमावस्या को ही होती है। 14 दिसंबर को भी अमावस्या ही है। मालूम हो कि वर्ष 2020 कोरोना महामारी और दो दर्जन से अधिक भूकंपों समेत कई तरह की महामारी वाला साल रहा है। बेहद उथल-पुथल वाले इस साल में कुल छह ग्रहण लगे हैं। इनमें तीन चंद्र ग्रहण हैं जबकि दो सूर्य ग्रहण शामिल हैं।

**पूर्ण सूर्य ग्रहण :** जब पृथ्वी और सूर्य के बीच में चंद्र आकर सूर्य की रोशनी को पूरी तरह से ढंक लेता है, तो इस घटना को पूर्ण सूर्य ग्रहण कहते हैं।

**आंशिक सूर्य ग्रहण :** जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच में आकर सूर्य को अपने पीछे आंशिक रूप से ढंक लेता है, तब सूर्य का आंशिक प्रकाश ही पृथ्वी तक पहुंच पाता है। इसे आंशिक सूर्य ग्रहण कहते हैं।

**वलयाकार सूर्य ग्रहण :** जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच आकर सूर्य को पूरी तरह न ढंकते हुए, उसके बीच के भाग को ढंक लेता है, जिससे पृथ्वी से देखने पर सूर्य एक रिंग की तरह दिखाई देता है। इसे वलयाकार सूर्य ग्रहण कहते हैं।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर युवक की हालत गंभीर

**मऊआइमा।** ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।जिसपर बैठे एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल को शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर गंसियारी निवासी अमरनाथ अपने भतीजे विपिन कुमार 25 वर्ष पुत्र प्यारे लाल को अपने बाइक पर बैठा कर कहीं जा रहे थे। बताते हैं कि जैसे वह बाइक से गांव के बाहर निकले पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे विपिन कुमार 25 बुरी तरह घायल हो गया । परिजनों ने शहर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर घायल युवक विपिन कुमार के चाचा अमरनाथ ने मऊआइमा थाने में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### हाउस टैक्स में जुड़ेगा कूड़ा कलेक्शन का यूजर चार्ज

**प्रयागराज।** शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन (डीटीडीसी) की व्यवस्था को सफल बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन हर तरह की कवायद कर रहा है। निगम ने इस काम के लिए इस बार एक की जगह दो एजेंसियों का चयन किया है। कूड़ा कलेक्शन के लिए शहरियों से ज्यादा से ज्यादा यूजर चार्ज मिलने के मद्देजनर अब इसे हाउस टैक्स में जोडने की भी तैयारी है। हालांकि, इस व्यवस्था को लागू करने से पहले निगम प्रशासन को सदन की सहमति भी लेनी होगी। निगम ने 40-40 वार्डों में डीटीडीसी के लिए दो एजेंसियों सेंटर फॉर डेवलपमेंट कम्युनिकेशन (जयपुर) और लॉयन सर्विसेज लिमिटेड (दिल्ली) का चयन किया है। इन एजेंसियों द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे का काम अंतिम चरण में है। इसी सप्ताह से वार्डों में डीटीडीसी शुरू होने की उम्मीद है। एजेंसी के कामों की ऑनलाइन निगरानी के लिए रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस (आरएफआइडी) घरों में लगाए जाएंगे। शहरियों से यूजर चार्ज मिलने के लिए वाराणसी की तर्ज पर इसे हाउस टैक्स कलेक्शन से जोडने की कवायद चल रही है। माना जा रहा है कि हरीभरी के फेल होने की वजह तमाम शहरियों द्वारा यूजर चार्ज न दिया जाना है।

# पत्नी की सिर कूंचकर हत्या, आरोपित पति हिरासत में

## घटना की जानकारी होते ही कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची, उमेश चन्द्र ने पत्नी की हत्या करने की बात कही

**पति उमेश ने वजनदार हथियार से पत्नी के सिर पर कई वार कर किया निर्मम हत्या**



कर्नलगंज में युवती की हत्या के बाद पहुंची पुलिस व मौके पर जुटी भीड़


उमेश चन्द्र को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

**प्रयागराज।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा मुहल्ले में रहने वाले उमेश चंद्र ने रविवार दोपहर बाद अपनी 38 वर्षीय पत्नी मधु की हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपित पति को गिरफ्तार कर थाने ले आई। कत्ल का कारण साफ नहीं है, लेकिन पारिवारिक विवाद में घटना होने की बात कही जा रही है।

धूमनगंज के नीम सराय मुहल्ले का रहने वाला उमेश चंद्र ठेला लगाकर सब्जी बेचता है। उसकी शादी कई साल पहले कटरा मुहल्ले की मधु से हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। रविवार को उमेश चंद्र और मधु घर पर ही थे। तभी उनके घर से चीख-पुकार की आवाज सुनाई दी। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे तो देखा कि उमेश ने वजनदार हथियार से पत्नी के सिर पर कई वार किए। मधु के सिर से खून निकल रहा था और कमरे में पड़ी हुई थी। घटना की जानकारी होते ही कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने उमेश ने पत्नी की हत्या करने की बात कही, जिसके बाद उसके पकड़कर थाने लाया गया।

इंस्पेक्टर कर्नलगंज अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि उमेश चंद्र शराब का आदी है। वह अपनी ससुराल में ही रहता था। उनकी कोई संतान नहीं थी, जिसको लेकर अक्सर झगड़ा होता था। मधु के माता-पिता भी नहीं है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर, मुहल्ले के लोग घटना को लेकर हैरानी जताते रहे।

### वासुदेवानंद को मिले ज्योतिष पीठ की सुविधा : शरद

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में ज्योतिषपीठ की जमीन-सुविधा को लेकर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के बीच विवाद छिड़ा है। दोनों ज्योतिष पीठ पर अपना दावा बता रहे हैं। इसके मद्देनजर आदर्श अधिवक्ता संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष शरद चंद्र मिश्र ने कहा कि आदिशंकराचार्य द्वारा बनाए गए महाम्नाय महानुशासन के नीति-निदेशों, गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार स्वामी वासुदेवानंद का अभिषेक व पदभार ग्रहण हुआ है। परंपरा व नियम के अनुसार स्वामी वासुदेवानंद ज्योतिष पीठाधीश्वर हैं। पहले उनके गुरु फिर स्वयं स्वामी वासुदेवानंद को ज्योतिष पीठ की जमीन-सुविधा मिलती आयी है। मेला प्रशासन उसी के अनुरूप इस बार भी स्वामी वासुदेवानंद को ज्योतिष पीठ की समस्त सुविधा व जमीन मुहैया कराए।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए डा० भीमराव अम्बेडकर

## कांग्रेसी नेताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर किया नमन

**फूलपुर।** संविधान शिल्पी डा० भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस रविवार को रूदापुर के भारद्वाज गुरुकुल में मनाया गया। बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि बाबा साहेब प्रमुख विधिवेत्ता, विचारक व समाज सुधारक थे। उन्होंने जीवन पर्यंत दलितों व महिलाओं के उत्थान के लिए संघर्ष किया। वरिष्ठ अधिवक्ता शमीम अहमद ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को देश कभी भूल नहीं सकता है। वहीं एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने बाबा साहेब को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि भारत रत्न डा०अम्बेडकर ने अपनी प्रतिभा के चलते ही भारत को एक लिखित संविधान दिया। उन्होंने दलितों को जहां सामाजिक व आर्थिक अधिकार दिलाया वहीं उनके उत्थान के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में तहजीब उल हसन, सौरव यादव लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सलीम टाइगर, विपिन उपाध्याय, अश्वनी श्रीवास्तव, भोलानाथ तिवारी, अशोक यादव, सूर्यकांत द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


भारद्वाज गुरुकुलम विद्यालय में बाबा साहेब को नमन करते कांग्रेसी नेता


भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि मनाते लोग

### अंतहिया आदर्श ग्राम पंचायत में भीमराव अम्बेडकर की मनाई गई पुण्य तिथि

**करछना।** आदर्श ग्राम सभा अन्तहिया में भारत संविधान के प्रणेता स्त्रोत, भारत रत्न डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की 64 हवीं पुण्यतिथि मनाई! तथा डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के पद चिन्हों पर चलने ! और उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए प्रेरणा को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है की अपील की है । उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा गया। जिसमें प्रदीप हरिजन, राहुल हरिजन, मनोज कुमार, नीरन्जन कुमार, आदेश पाण्डेय, पवन तिवारी नारायण दुबे इत्यादि युवा साथी मौके पर मौजूद रहे।


महिला छात्रावास के निर्माण कार्य का लोकार्पण करतीं सांसद फूलपुर

### सांसद फूलपुर ने किया महिला छात्रावास निर्माण कार्य का लोकार्पण

**फाफामऊ।** फाफामऊ चौकी के अंतर्गत गोहरी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय परिसर में महिला छात्रावास के निर्माण कार्य का लोकार्पण भारतीय जनता पार्टी की फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने किया,उन्होंने कहा कि किसी भी जाति की कोई भी गरीब बच्ची इस स्कूल में निशुल्क दाखिला ले सकती है,सरकार उसके रहने खाने व पढ़ने की व्यवस्था करेगी,उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालय के टीचरों से भी बच्चों को अच्छी शिक्षा देने तथा विद्यालय परिसर की साफ सफाई रखने का निर्देश दिया तथा सांसद ने कहा कोई भी समस्या होने पर आप सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्या,विधायक सोराँव जमुना प्रसाद सरोज,पूर्व विधायक दीपक पटेल, हरशू प्रसाद मिश्रा,शिवाकांत मिश्रा,दुर्गेश त्रिपाठी, पंकज शुक्ला, नागेश्वर मौर्य,प्रकाश शुक्ला, नीरज त्रिपाठी, कट्टू शर्मा, अर्जुन पटेल, भूपेंद्र पांडेय, सोनू पांडेय, संजय तिवारी, कौशल यादव, विजय पटेल, गुड्डू राजा, सुनीत तिवारी, आदि मौजूद रहे।

# एमएलसी बन कर लौटे सपा के डॉ. मान सिंह, पत्नी ने उतारी आरती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी स्नातक एमएलसी का चुनाव जीतने के बाज सपा के डॉ मान सिंह यादव शनिवार देर रात प्रयागराज आए। रात लगभग 11.20 बजे प्रीतमनगर स्थित आवास पहुंचने पर नव निर्वाचित एमएलसी की पत्नी प्रभा यादव ने आरती उतारकर स्वागत किया।

पत्नी आरती उतार रही थीं और डॉ. मानसिंह यादव की 10 वर्षीय वेटी और आठ साल का वेटा सिद्धार्थ पिता से लिपट गए। डॉ. यादव के स्वागत की तैयारी सुबह से हो रही थी। स्वागत के लिए रिश्तेदार सुबह से पहुंचने लगे। घर के अंदर परिवार और रिश्तेदार और बाहर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं की भीड़ थी। रात नौ बजे के बाद घर के आसपास चहल-पहल बढ़ गई। डॉ. यादव के आने की सूचना मिलने पर मोहल्ले के लोग भी बधाई देने पहुंच गए।

घर के द्वार पर कार के रुकते ही समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने नारेबाजी कर स्वागत किया। डॉ. यादव गाड़ी से उतरे तो पहले पार्टी कार्यकर्ताओं ने मालाओं से लाद दिया। बाहर नारेबाजी की आवाज सुनकर प्रभा बच्चों के साथ पति के स्वागत के लिए घर के द्वार पर आ गईं। डॉ. यादव को द्वार से घर के अंदर तक पहुंचने में आधा घंटा लग गया।

इससे पहले झांसी से आते समय रास्ते में जगह-जगह डॉ. यादव का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में सपा जिला अध्यक्ष योगेशचंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रामकरन निर्मल, दानबहादुर मधुर, आरएन यादव,रमाकांत सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

इलाहाबाद-झांसी स्नातक विधान परिषद क्षेत्र से विजयी डॉ मान सिंह यादव वित्तविहीन शिक्षक, शिक्षा मित्र और वेरोजगारों के लिए आगे भी संघर्ष करते रहेंगे। एमएलसी का चुनाव जीतने के बाद शनिवार रात पहली बार अपने घर आए डॉ मान सिंह यादव ने हिन्दुस्तान को बताया कि वित्तविहीन शिक्षक, शिक्षामित्र, बेरोजगार स्नातकों के मुद्दे पर चुनाव लड़ा। इन्हीं मुद्दों पर जनता ने समर्थन दिया और 24 साल बाद सपा को यह सीट मिली। डॉ यादव ने कहा कि सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा। अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2022 का विधानसभा चुनाव भी जीतना है।


एमएलसी बनने पर डॉ. मानसिंह यादव की आरती उतारतीं उनकी पत्नी


मान सिंह की जीत पर डीहा में सपा समर्थक एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी मनाई

### मानसिंह की जीत पर बांटी मिठाई, किया खुशी का इजहार

करछना। क्षेत्र के डीहा स्थित प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज में प्रबंधक डाक्टर विजय बाबू यादव उर्फ पप्पू डाक्टर की अध्यक्षता में सपा समर्थकों की एक बैठक आहूत की गयी जिसमें एमएलसी चुनाव में डा0 मान सिंह जीत कीजीत पर सपाइयो ने खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठाकर खुशी जताई। लोगो ने बधाई देते हुए जीत का श्रेय कार्यकर्ताओ को दिया लोगो ने कहा कि भाजपा के कथनी और करनी मे फर्क को जनता जान चुकी है और इसका आगामी चुनाव मे बदला लेगी ।इस मौके पर तुलसीराम यादव जिला पंचायत सदस्य,लालजी यादव ,श्याम बहादुर, ब्रह्मचारी यादव सुनील निषाद देवी शंकर तिवारी, प्रमोद मिश्रा, विमल चौधरी ,विनोद यादव,अजय पाल, डॉ विजय बाबू आदि लोग मौजूद रहे।

### बोलेरो बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**सहसों।** बोलोरो बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया द्य सहसों की तरफ जा रहे बाइक सवार की बोलेरो गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। उतरांव थाना क्षेत्र के सराय मोहम्मद जिया गांव निवासी मोहम्मद परवेज ;40द्ध अपने मित्र मोहम्मद असलम ;25द्ध के साथ रविवार को दोपहर में बाइक से सहसों की तरफ जा रहे थे। सरायइनायत थाना क्षेत्र के बगई खुर्द गांव के सामने हड़िया. कोखराज नेशनल हाईवे बाईपास पर एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें मोहम्मद परवेज गंभीर रूप से घायल हो गया और मोहम्मद असलम की मौत हो गई। सूचना मिलते ही सहसों पुलिस चौकी इंचार्ज भीष्म नारायण सिंह मौके पर पहुंच गए। घायल परवेज का इलाज शहर स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक असलम का शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया है। बोलेरो चालक घटना स्थल से गाड़ी सहित फरार हो गया है। मृतक असलम नींबी थरिया बाजार में मोबाइल की दुकान खोल रखा था। घटना की सुचना जब परिजनों को प्राप्त हुई तो परिवार में कोहराम मचा गया ।

### एमएलसी की जीत पर सपाइयों में हर्ष का माहौल

**खीरी।** प्रयागराज झांसी स्नातक चुनाव में समाजवादी पार्टी एमएलसी प्रत्याशी डॉक्टर मान सिंह यादव की जीत पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला सचिव माशूक अहमद के नेतृत्व में अहम बैठक आयोजित की गई' बैठक की अध्यक्षता जिला महामंत्री एडवोकेट किताब अली ने किया' आगे बतलाया कि यह जीत समाजवादी पार्टी की नहीं बल्कि युवा बेरोजगार शिक्षक संघ अधिवक्ता संघ एवं किसानों की है' इस चुनाव में पूरे प्रदेश भर के शिक्षित लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और समाजवादी पार्टी को पूरे प्रदेश भर में ज्यादा सीटों पर जीत प्राप्त कराई' इसी क्रम में अधिवक्ता फरीद ने कहा कि आज पूरे देश में किसानों के साथ बहुत बड़ा छलावा किया गया है जिसके कारण आज हमारा अन्नदाता खेतों के बजाय सड़कों पर उतर आया है और बेरोजगारी का यह आलम है कि हर जगह पर बेरोजगार ही बेरोजगार दिखाई पढ़ रहे हैं' पूरे देश में नफरत की राजनीति की जा रही है' विधानसभा उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा नसीम अहमद ने कहा कि यह जीत आने वाले समय में एक बहुत बड़े रूप में देखने को मिलेगी और 2022 में एक बार पुनः समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है' जिन कार्यों को पूर्व में अखिलेश यादव जी ने करवाया था उन्हीं कार्यों को फिर से नई सरकार अपने कार्यों को कह कर फीता काटने का कार्य कर रही है।


एमएलसी की जीत पर बैठक में उपस्थित सपाई

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज सोमवार, 7 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### नहरे सूखी, गेंहू की बोआई बाधित

**सहसों।** नहरों में पानी न आने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। नहरों में कई महीने से पानी न आने के कारण नहरों पर आश्रित किसानों की गेहूं की बोआई बाधित है द्य विकासखंड बहादुरपुर क्षेत्र के स्थित सहसों, जगबंधन पुर, इनायतपुर, बभनकुइया, महरौरा, कसेरुआ कला, मालवा, सुल्तानपुर, अमरसापुर, लालगंज, बरियारी आदि गांव में बुआई के लिए पलेवा नहीं हो पा रहा है द्य जिसमें क्षेत्र के किसान शोभा नाथ सिंहए महादेव सिंह, रामू सिंह, शम्भू भारतीय, इन्द्रभान सिंह, मान सिंह यादव, ओम प्रकाश शुक्ला, चंद्र प्रकाश शुक्ला, भृगुराम तिवारी, प्रेमधर द्विवेदी, राम लखन पटेल, मुख्तार अहमद, मोहम्मद खलील, रिजवान अहमद, तुलसीराम गुप्ता, लालचंद पटेल, आदि किसानों ने बताया कि बारिश ना होने तथा नहरों में पानी ना आने से गेहूं की बुआई के लिए पलेवा नहीं हो पा रहा है द्य इससे गेहूं की बुआई समय पर नहीं हो पाएगी। जिससे किसानों का बहुत नुकसान होगाए इस कारण किसानों में चिंता बनी हुई है द्य महीनों से नहरों में पानी नहीं आया है। जिससे खेती चौपट होने की कगार पर है।

# नारीबारी-गऊघाट पर डिप्टी सीएम ने रखी टू-लेन पुल की आधारशिला

## 6256.24 लाख रुपये आएगी 718.88 मीटर लंबे टू-लेन पुल की लागत, पुराने पुल पर प्रतिबंधित थे भारी वाहन

**राज्य सेतु निगम को मिली 24 माह में पुल बनाने की जिम्मेदारी, कोरांव-बारा के बीच दूर होगी आवागमन की समस्या**


उपमुख्यमंत्री के साथ सांसद विधायक व अन्य

**शंकरगढ़।** सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को यमुनापार में नारीबारी-कोरांव को जोड़ने वाले मार्ग पर टू-लेन पुल की आधारशिला रखी। आवागमन के लिहाज से यह पुल कोरांव और बारा तहसील को जोड़ता है, इसलिए इस पुल के बन जाने से दोनों तहसील के लोगों को काफी सहूलियत होगी। तकरीबन 718 मीटर लंबे इस पुल की कुल लागत 62 करोड़ रुपये आएगी। इस पुल के निर्माण की जिम्मेदारी सेतु निगम को दी गई। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम को इस पुल का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 24 महीना, अर्थात दो वर्ष का समय दिया गया है। डिप्टी सीएम ने पूरे विधि-विधान के साथ, वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुल के दोनों तरफ भूमि पूजन किया।

नारीबारी-कोरांव को जोड़ने वाले टू-लेन पुल के शिलान्यास मौके पर आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस सेतु के बन जाने से बारा और कोरांव के लोगों को यातायात में सुगमता होगी और समय की बचत होगी। भारी वाहनों को पुराने हो चुके पुल पर आने-जाने में असुविधा का सामना करना पड़ता था, इससे भारी वाहनों को लंबा चक्कर लगाकर अपने गन्तव्य तक जाना होता था। इस सेतु के बन जाने से इस समस्या से भी निजात मिलेगी। भारी वाहन कम समय से फरार्टा भरते हुए अपने गन्तव्य स्थान तक पहुंच सकेंगे। इससे इस क्षेत्र विकास कार्य तेज गति से होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगो की यह पुरानी मांग चली आ रही थी, जिसको हमारी सरकार ने पूरा किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित सेतु निगम के अधिकारियों से कहा कि पुल के निर्माण कार्य को तय समय से पहले ही पूरा कर लिया जाए।

### जसरा रेलवे फाटक पर आरओबी का निर्माण शीघ्र

डिप्टी सीएम ने कहा कि हमारी सरकार क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए दृढ़संकल्पित है। प्रयागराज में विकास को गति प्रदान करने के लिए व जाम की समस्या से निजात के लिए पिछले कुछ वर्षो में कई पुलों व आरओबी का र्निमाण कार्य कराया गया है। इसके अलावा कई पुलों और आरओबी का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज को चारों ओर से रिंग रोड से जोड़ा जा रहा है। उप मुख्यमत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रयागराज के साथ-साथ प्रदेश सभी जनपदों में विकास की गंगा बहा रही है। इसी तरह के आरओबी और पुलों का निर्माण कार्य लगभग हर जनपदों में चल रहा है। उन्होंने जसरा में लगने वाले जाम की समस्या के वहां के लोगों को निजात दिलाने के लिए जसरा रेलवे फाटक पर आरओबी के निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल,विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक बारा डॉ अजय कुमार,विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी,जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारतीय, प्रयागराज सांसद रीता बहुगुणा जोशी के प्रतिनिधि शशिकांत त्रिपाठी, संत प्रसाद पांडेय, प्रमुख शंकरगढ़ भारत सिंह, मंडल अध्यक्ष नारीबारी अंजनीलाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, हरीराम त्रिपाठी, आकांक्षा सोनकर, अभिषेक तिवारी, मोहन यादव, शिवयश पांडेय,दिलीप कुमार चतुवेर्दी, प्रधान रामबाबू सिंह, अरुण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप पाठक, पूर्व प्रधान महेंद्र शुक्ल, आनंदजी राठौर, युवराज सिंह, उग्रसेन द्विवेदी, सतीश विश्वकर्मा, धर्मराज पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# देश के प्रधान मंत्री विकास को दे रहे हैं रफ्तार : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य



भूमि पूजन करते डिप्टी सीएम

**खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिनी सीएम केशव प्रसाद मौर्या द्वारा यमुनापार के टोंस नदी पर दो लेन का पुल एवं कई सड़कों का शिलान्यास रविवार को किया गया। यह दिन यमुनापार के लिए बहुत ही सुखद एवं दूर परिणामी रहा' उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा कई वर्षों से बंद टोंस नदी पर बने पुल की जगह पर नए पुल के निर्माण का शिलान्यास किया गया जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में गांवों के लोग लाभ प्राप्त करेंगे। पुल निर्माण के बाद मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के आवागमन में काफी राहत मिलेगी' कार्यक्रम का आयोजन टोंस नदी के किनारे कौदी में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किया गया था। भूमि पूजन के बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जी ने जनसभा को भी संबोधित किये। जनसभा को संबोधित करते हुए कहे कि पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बिजली-सड़क-पानी पर तेजी से कार्य कर रही है। जिसके कारण आज गांव - गांव में पक्की सड़कें बना दी गई है। वैश्विक महामारी में जहां संपूर्ण विश्व में हाहाकार का माहौल था वही हमारे भारतवर्ष में वैश्विक महामारी का बहुत नहीं बढ़ा जिसमें देश के प्रधानमंत्री मोदी जी की सूझबूझ का ही नतीजा है। और जल्द ही भारत में वैक्सीन भी प्राप्त होने लगेगी। जनसभा के दौरान भारत माता की जय एवं जय श्री राम के उद्घोष से संपूर्ण पंडाल गुंजायमान रहा' आगे बतलाया गया कि माननीय प्रधानमंत्री जी की इच्छा है कि भारतवर्ष के प्रत्येक घर में पानी आसानी से पहुंचाया जाए जिसके लिए जगह-जगह पाइपलाइन एवं नलकूपों का निर्माण कराया जा रहा है। जल्द ही गंगापार यमुनापार को जोड़ने वाले पुल का भी निर्माण कराया जाएगा' जनसभा को फूलपुर सांसद केसरी देवी, कोरांव विधायक राजमणि कोल, बारा विधायक अजय भारती, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, जिला अध्यक्ष विभव नाथ भारती, त्योंथर विधायक श्याम लाल द्विवेदी आदि लोगों ने भी संबोधित किया। जनसभा के आयोजन में युवा नेता अनुराग शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा 'जनसभा की सुरक्षा हेतु प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा और नाके - नाके पर पुलिस की तैनाती रही' जनसभा का संचालन डॉ अलका जी ने किया। जनसभा में मुख्य रूप से महाप्रबंधक आर के सिंह, उप परियोजना प्रबंधक अमित कुमार, अवर अभियंता अंशुमान उपाध्याय, सहायक अभियंता सुभाष शुक्ला, रामेश्वर द्विवेदी, संतोष द्विवेदी, अवधेश प्रसाद शुक्ला, विष्णु सिंह बद्री प्रसाद केसरी, ओंकार नाथ, विजयपाल, शिवदत्त पटेल, विजय मिश्रा, पंकज मिश्र, श्याम केसरी, चंद्र शेखर पांडे, संतोष पांडे, मनोज पांडे, शिव शंकर कुशवाहा, राम अवध कुशवाहा, रमेश पाल, अशोक पांडे, अनिल कुमार शुक्ला, प्रमोद सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अजीत सिंह, भीम रजक के अलावा हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वर्कर्स यूनियन के चुनाव के लिए मतदान 18 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के वर्कर्स यूनियन के चुनाव के लिए मतदान 18 दिसंबर को होगा। इसके लिए चुनाव अधिकारी प्रो. डीके चौहान ने शनिवार को विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री एवं जमा करने का समय 6 से 9 दिसंबर तक होगा। जांच के बाद वैध सूची दस दिसंबर को जारी की जाएगी। 12 दिसंबर को नाम वापसी एवं इसी दिन अंतिम सूची जारी की जाएगी। 14 को चुनाव चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इविवि के वर्कर्स यूनियन भवन में 18 दिसंबर को सुबह 9 से दोपहर दो बजे तक मतदान होगा। इसी दिन मतगणना के बाद शाम पांच बजे चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

चुनाव अधिकारी की ओर से जारी सूचना के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संयुक्तमंत्री, प्रकाशन मंत्री के एक-एक पद के लिए मतदान होगा। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के 16 पदों के लिए चुनाव होगा।


उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता

### घूरपुर में उपमुख्यमंत्री मौर्य का गर्मजोशी से भाजपाईयों ने किया स्वागत

**घूरपुर।** खीरी से पुल का उद्घाटन कर लौट रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का घूरपुर में जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य सुबोध जायसवाल के अगुवाई में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी से फूल मालाओ से स्वागत अभिनंदन किया। जैसे ही उपमुख्यमंत्री का काफिला घूरपुर बाजार पहुंचा तो जय श्री राम व उपमुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे गुंजायमान हो गये। इस बीच कार्यकर्ताओ ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को फूल मालाओ से लाद दिया गया। उपमुख्यमंत्री बनने के बाद यमुनापार में प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह में पहुंचे कार्यकर्ताओ में खासा उत्साह दिखा। उपमुख्यमंत्री ने कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार धन्यवाद दिया।कार्यकम संचालक मिश्री लाल केसरवानी रहे,सुरेंद्र सिंह, किशन सिंह, गोपाल केसरवानी, सचिन तिवारी, नहूस त्रिपाठी, सुधीर यादव,राम टहल निषाद, सोनू झक्की, ममता देवी आदि दर्जनों कार्यकर्ता स्वागत समारोह में शामिल रहे।इसी तरह गौहनिया, इरादतगंज बाजार में भी भाजपाइयों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का स्वागत अभिनंदन किया गया।

## सड़क चौड़ीकरण को लेकर बनी आम सहमति

**प्रयागराज।** स्मार्ट सिटी के तहत सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर हो रहे विवाद के बीच इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव के साथ डीएम, नगर आयुक्त एवं पीडीए सचिव की बैठक हुई। विश्वविद्यालय के सर सुंदरलाल छात्रावास की दीवार टूटने के दौरान हुए विरोध को लेकर चर्चा की गई। इविवि के कई अन्य भवन भी अतिक्रमण के दायरे में आ रहे हैं। बैठक में चौड़ीकरण कार्य को आगे बढ़ाने को लेकर आम सहमति बनी। पीडीए द्वारा अब काम तेजी लाई जाएगी। स्मार्ट सिटी के तहत शहर की पंद्रह सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना है। इन सड़कों में विश्वविद्यालय मार्ग भी शामिल है। प्रस्तावित सड़क की चौड़ाई 24 मीटर बताई गई है। इसके लिए सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाया जाना है। इसे लेकर किताबों के दुकानदार समेत अन्य व्यापारी आंदोलनरत हैं। सर सुंदरलाल छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने शुक्रवार को विरोध कर कुछ देर के लिए काम बंद करवा दिया था। पीडीए पुरानी दीवार तोडने के पहले नई दीवार बना रहा है। छात्र इसका भी विरोध कर रहे हैं। इन्हीं मामलों को लेकर डीएम भानुचंद्र गोस्वामी, नगर आयुक्त रवि रंजन, पीडीए सचिव दयानंद प्रसाद इविवि की कुलपति प्रो.संगीता श्रीवास्तव से मिलने पहुंचे थे। पीडीए सचिव का कहना है कि चौड़ीकरण कार्य को आगे बढ़ाने को लेकर सहमति बनी है। सड़कों के चौड़ीकरण कार्य में विश्वविद्यालय सहयोग करेगा।

# परास्नातक में 9 दिसंबर से शुरू होगा प्रवेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय में परास्नातक में 9 दिसंबर से प्रवेश होंगे। इसके लिए शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रवेश चेयरमैन डॉ. आकांक्षा सिंह की ओर से कटऑफ जारी कर दिया गया गया है। 9 दिसंबर को सामान्य वर्ग में 158 या इससे अधिक अंक, ओबीसी में 142 या इससे अधिक अंक, एससी में 130 या इससे अधिक और ईडब्ल्यूएस में 142 या इससे अधिक अंक एवं एसटी के सभी अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। अभ्यर्थियों को सुबह 10.30 बजे विभाग में रिपोर्ट करना होगा। स्टैटिक्स विभाग के प्रवेश चेयरमैन डॉ. पीएस पुंदिर के अनुसार 9 दिसंबर को एमए/एमएससी प्रथम सेमेस्टर में सामान्य वर्ग में 160 या इससे अधिक, ओबीसी में 129 इससे अधिक, ईडब्ल्यूएस में 140 या इससे अधिक अंक पाने वालों को बुलाया गया है। इसी दिन एससी-एसटी के सभी अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। मनोविज्ञान विभाग प्रवेश की चेयरमैन डॉ. शांति सुमन के अनुसार एमए/एमएससी प्रथम सेमेस्टर में सामान्य वर्ग में 196 या इससे अधिक अंक, ओबीसी में 160या इससे अधिक, एससी में 134 या इससे अधिक अंक और ईडब्ल्यूएस में 146 या अधिक अंक पाने वाले तथा एसटी के सभी अभ्यर्थियों को 10 अगस्त को बुलाया गया है। भूगोल विभाग के प्रवेश चेयरमैन प्रो. एआर सिद्दीकी ने बताया कि एमए/एमएससी प्रथम सेमेस्टर में सभी श्रेणी में 204 या इससे अधिक अंक पाने वालों को 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे बुलाया गया है।

प्रवेश प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. शैलेंद्र राय ने बताया कि बीए में प्रवेश के लिए शनिवार को 255, बीएससी मैथ में 72, बीएससी बॉयो में 47 ने दस्तावेज अपलोड किए। जबकि शनिवार को ही बीए में प्रवेश के लिए 369 ने ऑनलाइन फीस जमा की। बीएएलएलबी में प्रवेश के लिए 30 और एलएलएम में प्रवेश के लिए 20 ने दस्तावेज अपलोड किए हैं।

राजर्षि टंडन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रंजना त्रिपाठी ने बताया कि बीए, बीकॉम, एवं एमए में प्रवेश के लिए इविवि की प्रवेश परीक्षा में शामिल छात्राएं महाविद्यालय के कार्यालय से कार्य दिवसों पर सुबह 10 बजे से दो बजे तक प्रवेश फार्म प्राप्त कर सकतीं हैं।

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद शंकर सिंह के अनुसार 6 दिसंबर को बीए, बीएससी मैथ, बीएससी बायो एवं बीएएलएलबी में स्पोर्ट्स वर्ग, दिव्यांग वर्ग, कश्मीरी विस्थापित एवं कर्मचारी कोटे के सभी अभ्यर्थी को प्रवेश के लिए बुलाया गया है। स्पोर्ट्स वर्ग के तहत आने वाले अभ्यर्थियों के पास राष्ट्रीय स्तर के खेलों में भाग लेने का समुचित प्रमाणपत्र होना चाहिए। इसी प्रकार दिव्यांगजन वर्ग के तहत आने वाले अभ्यर्थियों के पास सीएमओ द्वारा जारी समुचित प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। कर्मचारियों के पाल्य वर्ग के तहत आने वाले अभ्यर्थियों के पास संस्था प्रमुख द्वारा जारी कर्मचारी पाल्य का प्रमाणपत्र होना आवश्यक है।

एसएस खन्ना गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. लालिमा सिंह के अनुसार बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए तृतीय मेरिट लिस्ट महाविद्यालय में चस्पा कर दी गई है। मेरिट में आईं छात्राएं 9 दिसंबर को आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रवेश प्राप्त कर लें।

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कमला दुबे के अनुसार सात दिसंबर को बीए में खेलकूद कोटा एवं दिव्यांग कोटा, ईडब्ल्यूएस, और एससी के सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, बीकॉम तृतीय वर्ष में सिद्धि पांडेय ने सर्वोच्च अंक हासिल कर टॉप किया है। उन्हें महाविद्यालय के शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी है।

सीएमपी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि 7 दिसंबर को बीए में ओबीसी वर्ग में 93 और एससी-एसटी के सभी। बीसीए में ईडब्ल्यूएस, एससी-एसटी के सभी। बीएएलएलबी में ओबीसी में 170, एससी में 160 और एसटी के सभी अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी।

### छात्रों ने इविवि की कुलपति को लिखा खुला पत्र

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ बहाली की मांग लेकर शनिवार को भी छात्रनेता अजय यादव के नेतृत्व में अनशन जारी रहा। इस मौके पर अनशनकारियों ने कुलपति को खुला पत्र जारी किया। पत्र में कहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए 21वीं शताब्दी में पूरब के ऑक्सफोर्ड का मुखिया हो जाना एक मील के पत्थर की तरह है। हम छात्रों ने आपका खुले दिल से स्वागत किया है और खुले दिमाग से वार्ता के लिए तैयार हैं और तैयार रहेंगे। छात्रों ने पत्र के माध्यम से कुलपति से मांग की है कि सभी वर्गों को अपना संघ बनाने का समान अधिकार है शिक्षकों का अपना संघ है कर्मचारियों का अपना संघ है पर यह समझ के बाहर है कि छात्रसंघ को ही क्यों निशाना बनाया जाता है। छात्रों ने कुलपति से यह भी मांग की कि यदि छात्रसंघ बहाल किया जाएगा तो हम सभी छात्र इविवि के विकास में हर संभव मदद करेंगे। अविनाश विद्यार्थी, राहुल पटेल, मो. मुबाशिर हारून, नवनीत यादव, आकाश यादव, मो. आमिर, मो. ओबादा, मो. सलमान, मयंक प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## कोरोना का प्रभाव कम करने में की मदद, मिला सम्मान


सम्मानित करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** शहर में कोरोना के बढ़ते प्रकोप को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले फुटकर दवा व्यापारियों को जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी ने सम्मानित किया है। प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन ने मार्च, अप्रैल, मई, जून में महामारी की रोकथाम के लिए हजारों मास्क और सेनिटाइजर बांटे। कोरोना संक्रमितों के लिए सस्ती दरों पर किट उपलब्ध कराई। दवा व्यापारियों के एसोसिएशन ने पुलिस और नगर निगम का भी काफी सहयोग किया। एसोसिएशन ने शहर के अलग-अलग क्षेत्र में दो हजार रुपये में इलाज की किट मुहैया कराने को दुकानें भी निर्धारित की थीं, जिससे गरीब कोरोना संक्रमितों को इलाज मिल सका। जिलाधिकारी ने एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा चावला, धर्मेंद्र द्विवेदी, निखिल मलंग व अन्य फुटकर दवा कारोबारियों को शुक्रवार को सम्मानित किया। प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय अरोरा, महामंत्री सुहैल अहमद, ज़िलाध्यक्ष मोहम्मद कादिर, अरुण केसरवानी, गुरुचरण अरोरा चन्नी, सरदार जोगिंदर सिंह, सुशील खरबंदा, शिवशंकर सिंह, अनिमेष अग्रवाल, सरदार प्रीतम सिंह, अखिलेश सिंह, धनंजय सिंह, राजेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, विजय वैश्य, संदीप कत्याल, आशीष अरोरा, संजय गुप्ता, रोहित अरोरा, प्रफुल मित्तल, अतुल केसरवानी, सरदार दिलजीत सिंह, पार्षद साहिल अरोरा ने सम्मानित होने वाले दवा कारोबारियों को बधाई दी।


**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# 73वें निरंकारी समागम पर सद्गुरू माता सुदीक्षा जी का मानवता को संदेश

**लाखों लोगों ने वर्चुअल समागम का आनन्द उठाया**



**प्रयागराज।** मानव भौतिक साधन के पीछे भागने के बजाय, मानवीय मूल्यों को अपनाने की ओर ध्यान केन्द्रित करेगा तो जीवन स्वयं ही सुदंर बन जायेगा। ये उद्गार सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने तीन दिवसीय 73वें वर्चुअल वार्षिक निरंकारी संत समागम के अवसर पर, दिनांक 5 दिसंबर, 2020 को मानवता के नाम प्रेषित अपने संदेश में व्यक्त किए। वर्चुअल रूप में आयोजित इस संत समागम का आनंद जहाँ विश्व भर में फैले निरंकारी परिवार के लाखों श्रद्धालु भक्त एवं प्रभु प्रेमी जनों ने मिशन की वेबसाईट एवं संस्कार टी. वी. के माध्यम से प्राप्त किया। वहीं प्रयागराज में भी निरंकारी भक्तों ने वर्चुअल माध्यम से इस समागम का आनन्द घर बैठे बैठे लिया।

उल्लेखनीय है कि विगत 72 वर्षों तक निरंकारी सन्त समागम श्रद्धालुओं, भक्तों की प्रत्यक्ष उपस्थिति में होता रहा है, जिसमें लाखों भक्त उपस्थित होकर सन्त समागम का आनन्द लेते थे मगर इस बार निरंकारी मिशन के इतिहास में ऐसा प्रथम बार हो रहा है कि वार्षिक निरंकारी सन्त समागम वर्चुअल (आभासी) रूप में आयोजित किया गया है।

माताजी ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण के विषय में बताते हुए कहा कि इस नकारात्मक वातावरण में संसार ने यह जाना कि जिस माया के पीछे वह भाग रहे हैं, सही अर्थ में तो वह तो तुच्छ भौतिक साधन मात्र हैं और इन का साधन के रूप में ही उपयोग किया जाना चाहिए। मानव अपने दैनिक कार्यो में इतना व्यस्त हो जाता है कि अपने परिवार के लिए भी समय नहीं दे पाता। इन सभी भौतिक वस्तुओं के पीछे मनुष्य अपना सुख चैन तक खो देता है। इस विकट परिस्थिति में सभी ने यह देखा कि लोग किस प्रकार से स्वार्थ से परमार्थ की दिशा की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे भी जिस रूप में जरूरत हुई, चाहे वह व्यक्तिगत रूप हो या किसी संस्था के माध्यम द्वारा, उसे उसी रूप में सहायता दी गई।

इस अभियान में संत निरंकारी मिशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीमित दायरे में केवल स्वयं के लिए न सोचकर, समस्त संसार को अपना माना। विश्व बंधुत्व एवं दीवार रहित संसार का उदार चरित भाव मन में रखकर हर जरूरतमंद को अपने सामर्थ्यनुसार सहायता की। स्वयं की पीड़ा को भूलकर दूसरों की पीड़ा का निवारण करने का प्रयास किया। इन विषम परिस्थितियों में मानवीय मूल्य ही काम आये। लोगों की मदद करके सच्चे अर्थो में मानव, मानव कहलाया और यह साबित किया कि मानवता की सेवा ही परम् धर्म है। सद्गुरू माता सुदीक्षा जी ने कहा कि संसार को निरंकार द्वारा सर्वोत्तम उपहारद्य मानवताह्न के रूप में प्राप्त हुआ है। प्राचीन काल से ही संतों ने यही समझाया है कि इस भौतिक माया को इतना महत्व न दें कि जीवन में इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं है। भौतिक साधनों को महत्व न देकर मानवीय मूल्यों को महत्व देना चाहिए जैसे प्रीत, प्रेम, सेवा, नम्रता और इन्हें अपने जीवन में ढालना चाहिए। तभी जीवन परिपूर्ण हो सकता है। परमार्थ को ही अपना परम लक्ष्य मानकर स्वयं का जीवन उज्जवल कर सकते हैं। इसी से ही जीवन में एकत्व के भाव का आगमन होता है और हमारे आचरण एवं व्यवहार में स्थिरता आ जाती है। जब परमात्मा की अनुभूति होती है तब स्थिर से मन का नाता जुड़ जाता है और जीवन सहज व सरल बन जाता है। फिर माया रूपी भौतिक वस्तुओं को केवल एक जरूरत समझते हुए उस ओर अपना ध्यान आकर्षित नहीं करते। केवल परमार्थ, अर्थात सेवा, परोपकार ही जीवन का एक मात्र लक्ष्य बन जाता है। अंत में माताजी ने श्रद्धालु भक्तों को प्रेरित किया कि परमात्मा के साथ एकत्व का भाव गहरा करते जायें जिससे जीवन में स्थिरता प्राप्त हो। जिससें दिलों में प्रेम बढ़ता जायेगा और उसी प्रेम के आधार पर हम संसार के साथ एकत्व का भाव स्थापित कर पायेंगे। सद्गुरू माताजी ने कहा कि हमें किसी स्वार्थ या मजबूरी के कारण नहीं, बल्कि इसलिए प्रेम का मार्ग अपनाना चाहिए क्योंकि केवल वही एक उत्तम मार्ग है। स्वार्थ भाव से मुक्त होकर साधनों को साधन मात्र ही समझकर इस सच्चाई की ओर आगे बढ़ते चले जायें।

## संक्षेप समाचार

### शिक्षकों ने मिठाई बांटकर किया खुशी का इजहार

**प्रतापगढ़ ।** एम.एल.सी.चुनाव में वित्तविहीनों के नेता उमेश द्विवेदी जी के दोबारा विजयी होने पर पट्टी नगर स्थित भारत सिंह इंटर कालेज में शिक्षकों ने आपस में मिठाई बाँटकर खुशी का इजहार किया । उक्त मौके पर विद्यालय के प्रबंधक व चुनाव के जिला संयोजक तथा भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### यात्री सेवा हुई दुर्घटना ग्रस्त, बाल बाल बचे यात्री

**प्रतापगढ़।** वाराणसी से लखनऊ परिवहन निगम की यात्री सेवा रविवार की तड़के दुर्घटना ग्रस्त हो गई। हालाकि यात्री सेवा में मौजूद बयालीस यात्री बाल बाल बच गए। नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी के लालगंज कोतवाली के सरस्वती विद्यामंदिर पीजी कालेज के समीप रविवार की सुबह रोडवेज सेवा अचानक बिजली के खंभे से टकरा गई। यात्री सेवा यात्रियों को लेकर लखनऊ आ रही थी कि भोर में सवा पांच बजे सामने से एक ट्रक अनियंत्रित हो गई। ट्रक से टक्कर बचाने में यात्री सेवा गड्ढे में कूदते हुए विद्यालय के समीप एक खंभे से जा टकराई। दुर्घटना में सभी यात्री बाल बाल बच गए।

### मारपीट को लेकर पीड़ित ने दी तहरीर

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली के हंडौर दुबान निवासी महेंद्र कुमार तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार को वह सुबह टेम्पो वाहन लेकर कहीं जा रहा था। इस बीच रास्ते में नहर का पुरवा के आरोपी ने हार्न बजाने के विवाद में उसे मारापीटा। आरोप है कि सगरा सुंदरपुर बाजार पहुंचने पर पीड़ित ने लोगों को घटना की जानकारी दी तो फिर आरोपियों ने उसे बाजार में भी मारापीटा। पुलिस का कहना है तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पारिवारिक विवाद में भिड़ीं महिलाएं, चालान

**प्रतापगढ़।** पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्ष की महिलाएं आपस में भिड़ गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों तरफ से तीन महिलाओं को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया।पट्टी थाना क्षेत्र के सराय महेश निवासी जंग बहादुर की पत्नी कुसुम सिंह व रंग बहादुर की पत्नी प्रभावती सिंह के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर रविवार को कहासुनी होने लगी। दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। पुलिस ने कुसुम, प्रभावती व सीमा पुत्री रंग बहादुर को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया।

# आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं बाबा साहब : सुनील चौधरी

**करारी कौशाम्बी।** करारी कस्बे के किंग नगर में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 65 वां महापरिनिर्वाण दिवस नम आंखों से मनाया गया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरूआत तथागत बुद्ध व बाबा साहब डॉ अंबेडकर के छाया चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को बताया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी राष्ट्रीय गीत, बुद्ध वंदना, कविता व बाबा साहब का जीवन परिचय बताया।परिनिर्वाण दिवस के मौके पर उन्हें सभी लोगों ने नमन कर श्रद्धांजलि दिया। करारी कस्बे के किंग नगर में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के ६५ वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सुनील चौधरी ने कहा कि बाबा साहब डॉ आंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता के साथ-साथ आधुनिक भारत के शिल्पकार हैं। राष्ट्र के निर्माण में डॉक्टर अंबेडकर की भूमिका बहुत ही सराहनीय है। बाबा साहब डॉ अंबेडकर दलितों पिछड़ों और मजदूरों के मसीहा के साथ-साथ



करारी कस्बे के किंग नगर में डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते

महिलाओं के उद्धारक भी कहे जाते हैं। बाबा साहब ने अपनी विचारधारा से समाज को नई दिशा देने की कोशिश की। सही मायने में बाबा साहब एक युगपुरुष थे। बाबा साहब के परिनिर्वाण के बाद एक युग का अंत हुआ है। प्रवक्ता राजेश चौधरी ने कहा कि बाबा साहब ने संवैधानिक गारंटी के साथ साथ नागरिक स्वतंत्रता को सुरक्षा प्रदान की। इनमें धार्मिक स्वतंत्रता, अस्पृश्यता का अंत और सभी प्रकार के भेदभाव को गैरकानूनी करार दिया गया। बाबा साहब डॉ आंबेडकर का जाना विश्व की अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में मौजूद सभी ने बाबा साहब को नमन करते हुए नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके अलावा काजल दिवाकर मनीष चौधरी आदि ने भी बाबा साहब डॉ आंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर विचार प्रकट किया। इस दौरान संदीप चौधरी, शिवम कनौजिया, सनी दिवाकर, राजेंद्र चौधरी, अरविंद चौधरी,संजीत चौधरी आदि सहित काफी संख्या में महिलाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



भारतीय राष्ट,ीय छात्र संगठन डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते

## देश की अखंडता एकता के प्रतीक डॉ अंबेडकर : अमित द्विवेदी आजाद

### सराय अकील के करन चौराहे पर आयोजित हुआ माल्यार्पण कार्यक्रम

**कौशाम्बी।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के नेतृत्व में आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि में सराय अकिल कस्बे के करन चौराहे में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। करन चौराहा सराय अकिल में दलित विरोधी सरकार को आगाह किया। कार्यक्रम की अगुवाई एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब का एक सपना था भारत देश को जाती पाती ऊंच-नीच भेदभाव में खत्म करना बाबा साहब की सपने को पूरा करने का प्रण लिया और दलित विरोधी सरकार महिला विरोधी सरकार किसान मोदी सरकार को आगाह किया गया कि बाबा साहब के पद चिन्हों में चलकर हम लोग इस देश को दलित सरकार से खत्म करें। इस मौके पर बोलते हुए जिला सचिव कांग्रेस पार्टी मोहम्मद फरमान कांग्रेस पार्टी की भारत बाबा साहब बहुत ही अर्थशास्त्री और बहुत ही कर्मठ सील व्यक्ति थे। उन्होंने दलित को पूरे भारत में एक सम्मान दिलाया। इस मौके पर मौजूद फहीम सिद्दीकी, अन्ना गौतम , सुरेंद्र पासी, जियाउल हक, सुनीता देवी, मंजू देवी, तौफीक अहमद, मोहम्मद अहसान , मुजीब अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते

## अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण कर किया उनको याद

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है इस मौके पर वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया है और उनके जीवन पर प्रकाश डाला है जिला कार्यालय मंझनपुर में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें नमन किया गया इस मौके पर दयाशंकर यादव जिला अध्यक्ष, पूर्व प्रदेश सचिव महबूब आलम सज्जू, चंद्रजीत यादव, हाजी ओवैस हसन ,अहमद रजा मोहम्मद अमन, उस्मान अहमद, मुजाहिद हुसैन, वेदपाल, गया सरोज ,आनंद मोहन पटेल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोली से घायल युवक की स्थिति नाजुक, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** मोबाइल छीनने के विरोध में बदमाशों द्वारा गोली से घायल युवक की रविवार को भी इलाज के दौरान स्थिति गम्भीर बनी हुई है। हालाकि घटना को लेकर घायल के इलाज में व्यस्त परिजनों ने अभी तक पुलिस को तहरीर नही दी है। कोतवाली के पूरे छतऊ में शनिवार की शाम शौंच को निकले संदीप सरोज को मोबाइल छीनने के विरोध में बदमाशों ने गोली मार दी थी। चैबीस वर्षीय युवक की स्थिति गम्भीर देख उसे सीधे जिला अस्पताल से चिकित्सकों ने प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रविवार को परिवारिक सूत्रों के मुताबिक युवक की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। गम्भीर रूप से घायल युवक के पांच माह की बेटी अनन्या अभी मां के गोद में कुछ भी समझने की स्थिति में नही है। जबकि पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घायल के पिता बैजनाथ सरोज तथा



कोतवाली के पूरे छतऊ में घायल युवक के घर गमगीन महिलांए

उसके कुछ चचेरे भाई प्रयागराज मेडिकल कालेज में इलाज कराने में वहां गए हैं। बता दें शनिवार की शाम साढ़े छह बजे घायल से मोबाइल छीनने का बदमाशों ने प्रयास किया। तब घायल युवक ने विरोध जताया। इस पर बाइक सवार तीन बदमाशों में से एक आरोपी ने युवक पर फायल झोंक दिया। शोर होने पर गांव के लोग दौड़े तो बदमाश बाइक से भाग निकले। सूचना मिलते ही लालगंज कोतवाल संजय यादव आनन फानन में फोर्स के साथ घटना स्थल पहुंचे। पुलिस ने देर रात तक जलेशरगंज डेरवा मार्ग पर कांबिंग की किन्तु घटना में शामिल बदमाशों का अभी तक वह पता नही लगा सकी है।

किशोरी के अपहरण का केस

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के बलिदियान निवासी बिल्ला की पत्नी उमादेवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार दिसम्बर को शाम छह बजे उसकी तेरह वर्षीय पुत्री रिंका शौच को गई थी। तभी गांव के अभिषेक ने उसका अपहरण कर लिया। उलाहना देने पर आरोपी के चाचा बब्बन ने धमकी दी। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने शनिवार की रात केस दर्ज किया है।



लोगों को मास्क बांट कर किया जागरुक

# कोरोना के साथ जीने की डाले आदत : अजय क्रांतिकारी

**बोझी गांव में महिला के कोरोना संक्रमित पाए जाने पर घर पहुंची टीम ने लोगों को मास्क बांट कर किया जागरुक**

**प्रतापगढ़।** मान्धाता ब्लॉक के बोझी गांव की एक महिला के कोरोनावायरस से संक्रमित पाए जाने पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी की पहल पर डाक्टर्स की एक टीम गांव में पहुंची और 38 लोगों का परीक्षण किया।इस मौके पर कोरोना वॉलंटियर नमन कुमार तिवारी और पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने लोगों को कोरोना बीमारी से बचने के लिए जागरुक किया। इस मौके पर कोरोना योद्धा एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि लोग कोरोना से डरें नहीं बल्कि कोरोना के साथ जीने की आदत डालकर पूरी सतर्कता से जीवन जीते हुए कोरोना से लड़ें।उन्होंने कहा कि देश का को आह्वाहन है कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं का मास्क का प्रयोग करते हुए पूरी ईमानदारी से पालन करें। इस मौके पर वॉलंटियर नमन कुमार तिवारी ने सभी लोगों को मास्क बांटकर बीमारी के संक्रमण से बचने की सलाह दी। इस मौके पर डॉ अरुण कुमार सिंह, अखिलानंद मिश्र,सोनी विश्वकर्मा,आनंद मौर्य,राजा राम सिंह,राजेश सिंह एवं नमन कुमार तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए बाबा साहब

**प्रतापगढ़।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने श्रद्धापूर्वक मनाया। इस मौके पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान पर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि बाबा साहब एक विधिवक्ता, अर्थशास्त्री व समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित समाज, मजदूर वर्ग और महिलाओं के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संकल्पों को पूरा करने के लिए सृजनात्मक संघर्ष जारी रखें।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने कहा कि राष्ट्र के प्रति आंबेडकर जी का योगदान बहुमूल्य एवं उल्लेखनीय है। इस मौके पर महामंत्री राजेश सिंह ने कहा कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के उनके प्रयासों को समाज कभी नहीं भूलेगा। इस दौरान रामजी मिश्र,आशीष श्रीवस्तव, रविन्द्र पटेल, महावीर पाल, विकास सिंह, विक्रम सिंह, गजराज सिंह सहित कई भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान ने जलाई पराली, एसडीएम ने पकड़ा

**कुंडा प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के कहैनिया में रविवार को एसडीएम ने एक किसान को पराली जलाते हुए पकड़ लिया। उन्होंने संबंधित किसान के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है।रविवार को तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता व नायब तहसीलदार राज कपूर के साथ क्षेत्र में निकले एसडीएम डीपी सिंह ने कहैनिया में एक किसान के खेत में पराली जलती पाए जाने पर आग बुझवाई और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भ्रमण कर पराली जलाने वालों पर नजर रखी जा रही हैं। खेत में पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने पर कार्य बहिष्कार दी चेतावनी

**प्रतापगढ़।** बिजली विभाग के अवर अभियंता के साथ मारपीट करने के आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने से बिजलीकर्मियों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। सांगीपुर थाने के गोंड़वा गांव में शनिवार को बकाया बिजली के बिल वसूली अभियान के तहत घुइसरनाथ धाम उपकेंद्र के अवर अभियंता विनय जायसवाल की अगुवाई में बिजलीकर्मियों की टीम गई थी। गांव के दो बड़े बकायेदार दूधनाथ पांडेय तथा लालजी पांडेय के कनेक्शन बिजलीकर्मियों के काटने की बात पर विवाद हो रहा था। इसी बात को लेकर हुए विवाद में दूधनाथ के बेटे मुरली पांडेय ने अभियंता को कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। साथ मे मौजूद बिजलीकर्मियों के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ तो कर्मचारी सीधे थाने पहुंचे और आरोपित की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। बिजलीकर्मियों के आक्रोश को देखते ही एसओ ने आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया, तब जाकर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। बिजलीकर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई तो विद्युतकर्मी कार्य बहिष्कार कर उपकेंद्रों पर तालाबंदी कर देंगे।

# सामाजिक एवं शैक्षिक सरोकारों की मजबूती में भागवतदत्त का योगदान अमूल्य

## कई शिक्षण संस्थानों ने मनाया भागवतदत्त स्मृति समारोह, दी गई पुष्पांजलि

**प्रतापगढ़।** नगर के अझारा स्थित भागवतदत्त बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पं. भागवतदत्त मिश्र स्मृति समारोह रविवार को कोविड प्रोटोकाल के तहत मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अलावा पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल अझारा लालगंज, तारा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी भेंभौरा एवं मौलवी फरजन्द अली कॉलेज ऑफ लॉ भेंभौरा के शिक्षकों व प्रबंध समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्व. भागवतदत्त मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। स्मृति दिवस के अवसर पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए जरूरत मंदों को कंबल वितरित भी किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक के0डी0 मिश्र, शंकर दत्त मिश्र, संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व गृह सचिव रमेशचन्द्र मिश्र, प्रबन्ध प्रकाशचन्द्र मिश्र, सुनीता मिश्रा, रीमा मिश्रा ने पं. भागवतदत्त मिश्र एवं स्व0 तारा मिश्रा



भागवतदत्त स्मृति समारोह में जरूरत मंदों को कम्बल वितरित करते आयोजन समिति के पदाधिकारी

जी के कृतृत्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। साहित्यकार श्री विशालमूर्ति मिश्र जी ने भी बतौर विशिष्ट वक्ता भागवतदत्त मिश्र के शैक्षिक एवं सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कर दीपक मिश्र ने किया। संस्थापक रमेशचन्द्र मिश्र नें कहा कि वह पिता जी के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये गये कार्य एवं योगदान को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगें। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी पण्डित जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं वर्तमान समय में भारत की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाने में महान शिक्षाविदों में पं. भागवतदत्त मिश्र जी का भी नामोल्लेख किया। प्रधानाचार्य एस.एन. त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. पूनम त्रिपाठी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्मृति दिवस के मौके पर आयोजकों ने जरूरत मंद गरीब तबके को कंबल भी वितरित किया। इस मौके पर भानु प्रताप शुक्ल, डॉ. रेखा पाण्डेय, डॉ. शालिनी शुक्ला, प्रीती मिश्रा, रूचि शुक्ल, डॉ. लक्ष्मीकांत तिवारी, राहुल सिंह, रामचन्द्र पाण्डेय, ऋषिकेश शुक्ल, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, संजय तिवारी, दुर्गाप्रसाद तिवारी, संतोष दुबे, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, धर्मेन्द्र मिश्र, श्यामशंकर मिश्र, रवीन्द्र शुक्ल, श्रुति मिश्रा, मानसी सिंह, प्रदीप शुक्ल, मनोज शुक्ल, हिमांशु शुक्ल, आर.सी. तिवारी, संतोष शुक्ल, ह्रदय पाण्डेय, शुभम् श्रीवास्तव, अनिल दुबे, प्रदीप तिवारी, पंकज सिंह, वंशीधर मिश्र आदि रहे।

# हरियाणा के मंत्री का कोरोना पाजिटिव होना सरकार की वैक्सीन नीति पर खड़ा हुआ संकट : प्रमोद

## सीडब्लूसी मेंबर ने मोदी सरकार पर किसानों के हौसले तोड़ने के लिए वार्ता की अवधि बढ़ाए जाने पर भी किया तगड़ा प्रहार

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच तथा कोआर्डिनेशन कमेटी के इंचार्ज प्रमोद तिवारी ने हरियाणा प्रदेश सरकार के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के वैक्सीन लगवाए जाने के बावजूद कोरोना पाजिटिव होने को चिन्ता जनक ठहराते हुए कहा कि इससे वैक्सीन की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। उन्होने कहा कि मंत्री अनिल विज ने सार्वजनिक रूप से फोटो सेशन की लालच में अपने ही मुख्यमंत्री को कमतर दिखाने के लिए कोरोना की वैक्सीन लगवाई और महज चैदह दिनों के भीतर वह कोरोना पाजिटिव हो गए। मंत्री के फोटो सेशन के वैक्सीन चाहत ने न



नगर स्थित कैंप कार्यालय पर समस्याओं की सुनवाई करते प्रमोद तिवारी

केवल इस वैक्सीन की विश्वसनीयता पर गम्भीर सवाल खड़ा कर दिया है बल्कि यह भाजपा की अंदरूनी राजनीति के चलते एक दूसरे को नीचा दिखाने के चक्कर में लोगों के विश्वास को तोड़ दिया है। रविवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के नगर स्थित कैंप कार्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि कोरोना से जारी लड़ाई के इस महाअभियान में वैक्सीन को लेकर जिस तरह की अनिल विज ने यह परिस्थिति पैदा कर दी है उससे लाखों भारतीयों के मन में उत्पन्न संशय से देश को अपूर्णनीय क्षति भी हुई है। उन्होने कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर हरियाणा सरकार के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इसलिए कार्रवाई करे क्योंकि जो फोटोसेशन उन्होने किया उससे आम आदमी को यह आघात पहुंचा है कि जब किसी प्रदेश सरकार का गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तक सुरक्षित नही है तो अब आम आदमी कैसे वैक्सीन के जरिए सुरक्षा पर विश्वास करे। सीडब्लूसी मेंबर श्री तिवारी ने यहां तक कहा कि वह मंत्री अनिल विज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए यह भी मांग करते हैं कि मंत्री जी ने जिस तरीके से वैक्सीन जैसी दिखने वाली लिक्विड ह्यह्यप्लैसिबोह्यह्य लगवाई और नाटक मंचन के तहत उंगली के एक बूंद खून से शहीद होने की कोशिश की, इसे देखते हुए या तो वह स्वयं मंत्रिमंडल से नैतिक जिम्मेदारी लेकर त्यागपत्र दें अथवा भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन्हे बर्खास्त करे। प्रमोद तिवारी ने हरियाणा सरकार के मंत्री के वैक्सीन प्रयोग में कोरोना पाजिटिव होने पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इससे एक और बड़ा सवाल अब सामने आया है कि क्या कोरोना वैक्सीन को लगाए जाने को लेकर भारत सरकार की नीति सुरक्षित नही है। इधर वार्ता के दौरान एक सवाल के जवाब में प्रामेद तिवारी ने देश में किसान आन्दोलन को लेकर भी मोदी सरकार के अनिर्णय को पूरी तरह गैरजिम्मेदाराना करार दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि दिल्ली में कड़ाके की ठंड में किसान सड़कों पर खुलेआम पड़े हैं और मोदी सरकार क्रूरता और बर्बता का सिलसिला जारी रखते हुए वार्ता का समय चार दिन के लिए और बढ़ा दिया। उन्होने कहा कि समयावधि बढ़ाए जाने के पीछे भी सरकार की मंशा दूषित है ताकि किसानों का हौसला टूट जाए और किसी तरह सरकार की हठधर्मिता की झूठी साख पर आंच न आ सके।

# डेरवा में दो दुकानों से लाखों की चोरी

**कुंडा प्रतापगढ़।** चोरों ने एक ही रात में दो दुकानों से ज्वेलरी व नकदी साफ कर दी। दुकानदारों की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। जेठवारा थाना के अंतर्गत डेरवा बाजार में बाबूगंज रोड पर दिलीप कौशल निवासी गुदड़ी मोहल्ला सराय इंद्रावत की ज्वेलरी की दुकान है। शनिवार रात चोर ताला काटकर दुकान से गहने व नकदी उठा ले गए। रविवार सुबह पड़ोसी दुकानदार से चोरी की सूचना मिलने पर वह भागकर दुकान पर पहुंचे। ग्राइंडर से ताला काटकर चोर करीब 90 ग्राम सोने के जेवर, 3 किलो चांदी व 20 हजार रुपये नकद गायब थे। बगल में अनिल पाण्डेय जनरल स्टोर व पतंजलि स्टोर चलाते हैं।

### देशी शराब की दुकान में चोरी

**प्रतापगढ़।** शराब के ठेके में पीछे की दीवार के ऊपरी भाग में चोर पिछली रात सेंध काटकर करीब 50 हजार की देशी शराब और नकदी उठा ले गए। रविवार की सुबह 10 बजे सेल्स मैन दरवाजा खोलकर अंदर गया तो चोरी का पता चला।फतनपुर थाने के बिच्छूर(जगनीपुर) में देशी शराब का ठेका स्थित है। ठेके पर फतनपुर के छनापार निवासी बंटेश सिंह सेल्समैन का कार्य करता है। शनिवार रात 10 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया। रविवार सुबह ठेके पर पहुंचा ताला खोलकर अंदर गया तो सारी शराब गायब थी।